**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 865**

**दिनांक 26 जुलाई, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**जोधपुर एम्स में नियुक्तियां**

**865. श्री उम्मेदा राम बेनीवाल:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), जोधपुर में विभिन्न संवर्गों में नियुक्तियों के लिए बड़ी संख्या में आवेदन लंबित हैं;

(ख) यदि हां, तो संवर्ग-वार ब्यौरा क्या है तथा लंबित रहने के क्या कारण हैं;

(ग) जोधपुर एम्स के विभिन्न संवर्गों के विभिन्न पदों पर अन्य एम्स, विभागों से प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत नर्सिंग स्टाफ, डॉक्टर, अन्य अधिकारी एवं कार्मिकों की कुल संख्या, विभाग, नाम एवं पदनाम-वार कितनी है;

(घ) क्या संस्थान में प्रतिनियुक्ति अवधि पूरी होने के बावजूद कई कार्मिकों को कार्यमुक्त एवं उनके मूल पद पर स्थानांतरित नहीं किया जा रहा है; और

(ङ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं तथा ऐसे कार्मिकों के नाम क्या हैं?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री** (श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) और (ख): एम्स जोधपुर में विभिन्न संवर्गों में नियमित भर्ती हेतु कोई आवेदन लंबित नहीं है जिनके लिए अंतिम परिणाम घोषित किया गया है। 03 शिक्षकों (नर्सिंग संकाय) की भर्ती के लिए 45 पात्र अभ्यर्थियों के लिए साक्षातकार निश्चित किए गए हैं।

(ग): इसका विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

(घ) और (ङ): प्रतिनियुक्ति अवधि पूरी होने के बाद एम्स जोधपुर में कोई कार्मिक कार्यरत नहीं है।

**दिनांक 26.07.2024 को उत्तर के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 865 के उत्तर के भाग (क) से (ग) में संदर्भित अनुलग्नक**

**अनुलग्नक**

| क्र. सं. | नाम | पदनाम | एम्स जोधपुर में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि | पिछला विभाग |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री मनु मनीष गुप्ता | उप निदेशक (प्रशा.) | 01-05-2023 | राष्ट्रीय भारतीय रेलवे अकादमी, वडोदरा |
| 2. | कर्नल सुरेन्द्र कुमार | वित्तीय सलाहकार | 20.11.2023 | प्रधान रक्षा लेखा नियंत्रक, पुणे रक्षा मंत्रालय |
| 3. | श्री विकास पूनिया | वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी | 24-05-2024 | रक्षा मंत्रालय, दिल्ली |
| 4. | श्री संजय धबई | प्रशासनिक अधिकारी | 08-10-2020 | सीईईआरआई, पिलानी |
| 5. | श्री पंकज सक्सेना | अधिशासी अभियंता (विद्युत) | 23-02-2018 | आईआईटीटीएम, ग्वालियर |
| 6. | श्री महेश कुमार | पर्यवेक्षक चिकित्सा सामाजिक सेवा अधिकारी | 04-08-2017 | एम्स- दिल्ली |
| 7. | सुश्री छाया गुर्जर | लेखा अधिकारी | 24-05-2024 | आयकर विभाग, मुंबई |
| 8. | श्री विनोद कुमार एम | सुरक्षा अधिकारी | 09-07-2022 | असम राइफल्स |
| 9. | श्री रवि अमरावत | सहायक प्रशासनिक अधिकारी | 06-01-2022 | सीएजी, प्रधान महालेखा कार्यालय, राजकोट |
| 10. | श्री शिव कुमार | सहायक प्रशासनिक अधिकारी | 23-02-2022 | आयकर विभाग अहमदाबाद |
| 11. | श्री विकास पारीक | सहायक स्टोर अधिकारी | 15-01-2022 | रक्षा मंत्रालय |

*****